Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 06 / 01 / 2023

प्रकाशनार्थ

**नैक तैयारियों की समीक्षा के लिए नैक विशेषज्ञों की मॉक विजिट संपन्न**

गोरखपुर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन की तैयारियों की समीक्षा के लिए नैक विशषज्ञों के टीम की दो–दिवसीय मॉक विजिट का आज सम्पन्न हुई।

मॉक विजिट टीम में नैक के पूर्व निदेशक डॉ ए एन राय तथा नैक की पूर्व सलाहकार डॉ के रमा रहे। मॉक विजिट कर रही नैक टीम ने आज कुलपति प्रोफेसर राजेश सिंह की अध्यक्षता में सभी अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, कोऑर्डिनेटर्स तथा अधिकारियों के साथ प्रशासनिक भवन में बैठक की।

बैठक को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो राजेश सिंह ने कहा कि नैक मूल्यांकन के लिए हमारी तैयारियां करीब–करीब पूरी हो गई हैं। हमारा एक स्वर्णिम इतिहास रहा है, हमारी अपनी क्षमता है, अपनी साख है। मैं आप सब से उम्मीद करता हूं कि आप नैक टीम के समक्ष एक बेहतर प्रस्तुति करेंगे। जिसमें तर्क हो, ह्यूमन टच हो।

कुलपति ने विश्विद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिसेज तथा डिस्टिंग्विश प्रैक्टिसेस को बेहतर ढंग से टीम के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा। कुलपति ने कहा कि हमारी डिस्टिंक्ट प्रैक्टिसेज दीनदयाल उपाध्याय जी तथा नाथ पंथ के दर्शन पर आधारित दो क्रेडिट का माइनर इलेक्टिव कोर्स है जो हम बहुत ही सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं।

नैक के पूर्व निदेशक डॉ ए एन राय ने सभी को बेहतर प्रेजेंटेशन बनाने के लिए सुझाव दिए। डॉ राय ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने प्रेजेंटेशन में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने के लिए पढाये जा रहे पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दें। इसके साथ ही एक्सटेंशन एक्टिविटीज और एल्यूमिनी इंगेजमेंट तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बताएं। आइक्यूएसी के निदेशक प्रोफेसर अजय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

टीम ने दूसरे दिन प्रथम सत्र में अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, उर्दू संस्कृत, मनोविज्ञान, भूगोल, संगीत तथा ललित कला विभाग के साथ साथ छात्रावासों, पुस्तकालय तथा क्रीड़ा परिषद का भ्रमण किया और महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur